प्रादेशिक समाचार
दिनांक–19.03.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम– एमएसएमई देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। श्री राजनाथ सिंह ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कई एमएसएमई कृत्रिम मेधा, स्वचालन, रोबोटिक्स और अन्य उन्नत प्रौद्योगिकियों जैसे उभरते क्षेत्रों में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

****

नई दिल्ली में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से मुलाकात कर क्षेत्र की सड़क समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में एनएच–39 के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने और यातायात सुलभ बनाने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सांसद ने बताया कि डालटनगंज बाईपास पर पोखराहा और जोड़ के पास फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। साथ ही, जोरकट टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले स्थानीय निवासियों के लिए विशेष पास बनाए जाएंगे, जिसका वितरण कैंप लगाकर किया जाएगा।

****

राजधानी रांची में आज उपायुक्त मंजूनाथ भंजत्री ने समाहरणालय में नवनिर्वाचित महापौर रोशनी खलखो और सभी 53 वार्ड पार्षदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण से पूर्व मेयर ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जेल पार्क में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। पदभार संभालने के बाद मेयर रोशनी खलखो ने संकल्प लिया कि शहर में जल निकासी, स्ट्रीट लाइट और सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। वहीं वार्ड 31 के नवनियुक्त पार्षद नीरज कुमार रांची नगर निगम के डिप्टी मेयर चुने गए।

****

धनबाद नगर निगम और चिरकुंडा नगर परिषद में डिप्टी मेयर और उपाध्यक्ष पद के चुनाव संपन्न हो गए हैं। धनबाद में अरुण चौहान उपमहापौर चुने गए। उन्हें कुल 50 पार्षदों का समर्थन मिला, जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी मेनका सिंह को मात्र 5 मत प्राप्त हुए। वहीं, चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष पद पर विजय यादव निर्वाचित हुए हैं। जीत के बाद मेयर संजीव सिंह और नवनियुक्त डिप्टी मेयर अरुण चौहान ने पार्षदों का आभार व्यक्त किया।

****

आईआईटी आईएसएम धनबाद के अप्लाइड जियोलॉजी विभाग द्वारा आज नेशनल सिम्पोजियम ऑन क्रिटिकल मिनरल एक्सप्लोरेशन का आयोजन किया गया। गोल्डन जुबिली लेक्चर थिएटर में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में गोवा स्थित एनसीपीओआर के निदेशक डॉ. थम्बन मेलोथ उपस्थित रहे। संस्थान के निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्र ने कहा कि यह आयोजन क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में नए शोध और भविष्य की नीतियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है।

साउंड बाइट– प्रो. सुकुमार मिश्रा, ऑन क्रिटिकल मिनरल्स –20 सेकेंड

वहीं, उपनिदेशक प्रो. धीरज कुमार ने बताया कि सिम्पोजियम के पहले चरण में भारत में उपलब्ध रेयर अर्थ मिनरल्स की मात्रा और उनकी संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जा रही है।

****

साहिबगंज के बरहरवा प्रखंड में कार्यरत प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नंदन कुमार को एसीबी ने रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। चार सदस्यीय एसीबी की टीम ने 50 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है ।

****

ईशान किशन, इंडियन प्रीमियर लीग–आई.पी.एल.के शुरुआती कुछ मैचों में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। अभिषेक शर्मा टीम के उप–कप्तान रहेंगे।

****

चैत्र नवरात्रि का पावन उत्सव आज से शुरू हो गया है। नौ दिवसीय पर्व को लेकर देशभर में उत्साह और उमंग है। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

*******समाप्त********